# जालोर के ब्लड बैंक में ब्लड की कमी, रक्तदान संस्थाओं की टेंशन बढ़ी

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के राजकीय सामान्य चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैक में रक्त की कमी के चलते मरीजों को परेशानी का सबब बनता जा रहा है।

ब्लड बैंक के अधिकारी बताते हैं कि गवर्मेंट एवं प्राइवेट हॉस्पीटल के ब्लड बैंक में हरदिन लगभग 20 से 25 लोग ब्लड की डिमांड लेकर पहुंच रहे हैं जबकि बैंक में 5 से 7 यूनिट खून ही रिप्लेस में आ पा रहा है नतीजतन जो स्टॉक था वह भी खत्म हो गया, जिसके चलते मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है। जालोर सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित ब्लड बैंक खुद ही ब्लड की कमी से जूझ रहा है। यह बात इस ब्लड बैंक की व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार लोग ही बता रहे हैं। उनकी समस्या ये है कि उनके पास बड़ी संख्या में लोग ब्लड की डिमांड लेकर पहुंचते हैं, लेकिन उनके पास ब्लड का उतना स्टॉक हो ही नहीं पा रहा कि वे हर जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध करा सकें। रक्तदान के प्रति जागरूक न होने से रिजर्व स्टॉक की स्थिति भी इतनी चिंताजनक है कि ब्लड बैंक में अब महज 30 से 50 यूनिट ब्लड बचा है। जबकि खपत लगभग प्रतिदिन 20 से 25 यूनिट की है। इसमें भी पॉजिटिव ग्रुप का तो एक बूंद भी स्टॉक नहीं है। सबसे बड़ी बात ये है कि ब्लड बैंक में रक्त की कमी का संकट कई समय से हो रहा है।

जालोर ब्लड डोनर ग्रुप के संरक्षक नितेश भटनागर ने बताया कि कई समय से ब्लड की कमी को जालोर के सरकारी अस्पताल को झेलना पड़ रहा है। जहां रक्तदान के लिए लोग इतना जागरूक कर रहे है। वही जालोर शहर के अस्पताल में यह कमी खलती जा रही है। वही आने वाले ब्लड की रिकवरमेंट प्रतिदिन 15 से 20 यूनिट की हो रही है। इसी के साथ परिवार से आने वाले मरीजों के घर से रिप्लेसमेंट के नाम पर 5 से 7 ही यूनिट ही वापस ब्लड आता है। जिससे आवाक कम ओर जाने वाले ब्लड ज्यादा है। उसी के साथ रोजाना हमारी संस्था से लाइव रक्तदान करवाया जा रहा है। जिसमे आये केस में डिलेवरी, रक्त की कमी और एक्सीडेंट के केस सम्मिलित है।

ब्लड की इतनी कमी को देखते हुए संस्था को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक व्यक्ति रक्त देकर जाता है, तो वह वापस 3 माह बाद ही रक्तदान कर सकता है।

ऐसे रोज 5 से 7 रक्तमित्र अपना रक्तदान कर रहे है ओर मरीजों की समस्या दूर कर रहे है। आप सभी रक्तदान करने वालो से आग्रह है कि आप भी ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के प्रति जागरूकता लाकर रक्तदान में हमारे भागीदार बने और मरीजों की सेवा में हाथ बढावे। इसके लिए अन्य संस्थाओं को भी आगे आकर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर आयोजित करे। जिससे जालोर में रक्त की कमी को दूर किया जाये।


जालोर के राजकीय चिकित्सालय में रक्त की कमी के चलते रक्तदाता आगे आ रहे हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

यदि कभी बड़ा हादसा हो गया तो जालोर जिला मुख्यालय पर रक्त मिलना मुश्किल हो जायेगा। इसके लिए जागरूक लोग अधिक रक्तदान करें।

वही रविवार को एक निजी हॉस्पीटल में एक प्रसूता को रक्त की आवश्यकता होने पर रक्तदाता ने रक्तदान किया। बादली देवी पत्नि वचना राम निवासी बालवाडा के डिलेवरी में ओ पॉजिटीव एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता होने पर रक्तमित्र लक्ष्मीकांत दवे पुत्र चंद्रकांत दवे निवासी पुरा मोहल्ला जालोर ने रक्तदान किया। वही सरकारी अस्पताल में भर्ती 6 वर्षीय बच्ची लक्ष्मी कुमारी पुत्री भैराराम निवासी भीनमाल को मनीष गुप्ता पुत्र मधुरश्याम गुप्ता ने अपना ए पॉजिटिव रक्तदान किया।

वहीं सरकारी अस्पताल में आये डिलेवरी केस पूजा देवी पत्नी अशोक सोनी निवासी जीवाणा के एबी पॉजिटीव रक्तदान में रक्तमित्र गणेशा राम पुत्र नरसाराम ने अपना ए पॉजिटीव रक्तदान किया। एक निजी जालोर में बादली देवी पत्नि वचना राम बालवाडा डिलेवरी में ओ पॉजिटीव ब्लड की आवश्यकता होने पर रक्तमित्र दीपक मेवाडा पुत्र पृथ्वीराज मेवाडा तिलक द्वार जालोर ने अपना रक्तदान किया।

वहीं एक अन्य निजी हॉस्पिटल में भर्ती मरीज के ऑपरेशन के बी पॉजिटीव जमना देवी पत्नी हडमान दास खानपुरा वास जालोर के लिए रक्तमित्र नगाराम पुत्र हडमानाराम निवासी काठडी ने अपना बी पॉजिटीव रक्तदान किया।

# नंदनवन को लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ शाखा का सम्मान



भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रांत की प्रथम बैठक एवं दायित्व ग्रहण समारोह सुमेरपुर में हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। भारत विकास परिषद राजस्थान पश्चिम प्रांत की प्रथम प्रांतीय परिषद बैठक एवं दायित्व ग्रहण समारोह सुमेरपुर में मुख्य अतिथि निम्बा रामी, क्षेत्रीय प्रचारक के सानिध्य मे संपन्न हुआ।

बैठक के दौरान प्रांत की विभिन्न शाखाओं द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान किए गए उच्च सेवा एवं संस्कार कार्यो के लिए उनका सम्मान किया गया। समारोह के दौरान परिषद के उद्देश्य एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतू समर्पण भाव से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पश्चिम प्रांत की नंदनवन शाखा जोधपुर को लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कर से सम्मानित किया गया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के जोराराम कुमावत, (पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान विभाग), क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव श्रीमान विनोद आढा, प्रांत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रांतीय महासचिव महेंद्र गहलोत, प्रांतीय वित्त सचिव रामकिशन भूतडा, प्रांत संगठन सचिव गिरीश लोढा एवं अन्य प्रांतीय दायित्व धारियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शाखा को सम्मानित किया गया साथ ही नंदनवन शाखा द्वारा सराहनीय सदस्यता वृद्धि, तीन नए स्थाई प्रकल्पों की स्थापना एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शाखा को सम्मानित किया गया।

शाखा की तरफ से अध्यक्ष शैलेश महेश्वरी, सचिव राजेंद्र कुमार मोदी, कोषाध्यक्ष राजेश मेहता, अमृत राज धारीवाल, मंजू लता थानवी एवं प्रदीप गट्टानी ने प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्राप्त किया।

शाखा सदस्यों द्वारा वर्ष पर्यंत किए गए समस्त कार्यो के लिए शाखा सचिव राजेंद्र कुमार मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## किक बॉक्सिंग प्रति. आयोजित

**जालोर**,(नि.सं.)। जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन व स्वर्णागिरी स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान में रविवार को जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला किक बॉक्सिंग के कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि क्रेडिट, जूनियर, सीनियर जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन मामा जी का ऊण स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रशिक्षण केंद्र पर शाम को 5:00 बजे किया गया। सभी बॉक्सर अपनी एन्ट्री स्वयं या प्रशिक्षक के माध्यम से स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के पास किया गया।। जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पॉइंट फाईट, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लॉ किक के अलग-अलग इवेंट व वजन वर्ग में मुकाबले किये जाएगे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 3 से 5 मई 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता सीकर मे भाग लेंगे।

## चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**जालोर**, (नि.सं.)।आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल जालौर एवं ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू के सहयोग से निशुल्क जर्नल सर्जरी संबंधित परामर्श शिविर सोमवार दिनांक 29 अप्रैल समय सुबह 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक लगेगा।

शिविर का स्थान आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल के.जी.एन कॉलोनी के आगे केशवाना रोड जालौर में रखा गया है।

## शिक्षक संघ ( राष्ट्रीय ) का प्रतिनिधि मंडल सी.एम. से मिला

**जोधपुर** , (कासं) । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भेंटकर शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते उनके हुए शीघ्र समाधान की मांग की। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम व प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में भेंट की ।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ भेंट में संगठन ने शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने शिक्षक कल्याण बोर्ड का गठन करने,वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को सार्वजनिक कर तत्काल लागू करने एवं समस्त शिक्षक संवर्गों की सभी वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण करने के साथ प्रदेश के शिक्षको को सभी प्रकार के गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने की मांग की।

क्षेत्रिय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के घनश्याम ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन होकर शिक्षक हित में लगातार निष्पक्ष भाव से कार्य कर रहा है। अतः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय को अविलंब मान्यता प्रदान की जाए। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने आरपीएमएफ/आरजीएचएस की कटौती में कमी करने और आयकर में छूट देने।अस्पताल में उपचार के दौरान पिछली सरकार में लागू प्रतिदिन एक हजार रुपए की लिमिट और महीने में पांच आउटडोर की लिमिट समाप्त की जावे। संविदा भर्ती पर संगठन की मांग करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावे।पूर्व से शिक्षक कार्य करा रहे समस्त संविदा कार्मिकों को नियमित किया जावे। यथा शिक्षाकर्मी,पैराटीचर,पंचायत शिक्षक आदि।वर्तमान में प्रदेश में लगभग 23000 संविदाकर्मी नियुक्त है।राज्य सेवा एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत के दस से पंद्रह अंकों के प्रश्न निर्धारित किए जाएं।राजस्थान के शिक्षकों को 1000 रुपए प्रतिमाह ग्रामीण भत्ता दिया जावे। ग्रामीण भत्ता देने से शिक्षकों में शहरों में आने की प्रतिस्पर्धा समाप्त होगी और स्थानांतरण की समस्या का समाधान होगा।

जोधपुर शहर के जिला अध्यक्ष आईदान राम चौधरी ने बताया कि लगभग डेढ़ घंटा चली इस भेंट में मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गहनता से सुनते हुए शीघ्र उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश सभाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष डॉ अरुणा शर्मा उपस्थित रहे।

## मतदान कर लिय देहदान का संकल्प

**पाली**, (नि.संत्र)। आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान , पाली चेप्टर द्वारा नैत्रदान के साथ ही चलाये जा रहे मरणोपरान्त देहदान संकल्प अभियान से प्रभावित होकर पाच लोगों ने अपने मतदान का उपयोग कर अपने मरणोपरान्त मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की शिक्षा एवं शोधकार्य के लिए अपनी पार्थिव देह का दान करने का संकल्प लेकर अपने जीवन को जीतेजी धन्य कर दिया।

संकल्पकर्ता गंधी परिवार के सिन्धी कालोनी निवासी मदनराज गांधी उनकी धर्मपत्नि चन्द्रा देवी उनके पुत्र सोरभ गांधी, समेगियो की पाटी निवासी दीपक जैन एवं न्यु हाउसिंग बोर्ड निवासी गुरूमुख दास बचानी ने संचेती धर्मशाला स्थित सस्थां कार्यालय पहुंच कर अपने संकल्प पत्र प्रस्तुत किये। आई बैंक अध्यक्ष हुक्मीचन्द मेहता, हेमन्त चोपडा, गोतम रांका एवं गोतम चोपडा ने सभी देहदान संकल्प कर्ताओ का पुश्पहार एवं षाल ओढाकर अभिन्नदन किया। डा प्रतिभा गर्ग ने सभी को सम्मानित किया।

समेगियों की पाटी पाली निवासी दीपक जैन ने बताया कि मरने के बाद जब अंतिम संस्कार के पश्चात् शरीर का जलकर राख हो जाना तय है तो क्यों नहीं मरणोपरान्त पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज को दान कर दी जावे। इस नश्वर कही जाने वाली देह से पाली की मेडिकल कॉलेज से ऐसे सुयोग्य डॉक्टर तैयार हो तो अपने कार्य की निपुणता से पाली का नाम पूरे चिकित्सा जगत में रोशन कर सके ।

सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम, नितिन अग्रवाल एवं टेकनिशियन मुकेश चारण भी उपस्थित रहे।

# आत्मानंद गुरू मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम हुआ


जालोर शहर के आत्मानंद गुरू मंदिर में गायत्री परिवार का धार्मिक कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। शहर के रेलवे फाटक के पास आत्मानंद गुरू मंदिर परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा जालोर की ओर से शिविर के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसमें सवेरे श्रद्धालुओं द्वारा विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गई। साथ ही रविवार को माता व बहनों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें गायत्री परिवार की श्याम राठौर दीदी द्वारा नारी सशक्तिकरण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाडी रानी पन्नाधाय झांसी की रानी भक्त शिरोमणि मीराबाई सहित अनेक नारियों ने राष्ट्रीय निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया है। जिससे हमें सीख लेनी चाहिए। इस दौरान आयोजित शिविर में गायत्री परिवार की बहनों द्वारा संगीत में आध्यात्मिक व राष्ट्र भक्ति वह गायत्री माता के भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर कल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। हज टीकाकरण प्रशिक्षण शिविर स्थानीय मुस्लिम मुसाफिर खाना माल गोदाम रोड पर दिनांक 30 अप्रेक मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हज सेवक बच्चू खान कुम्हार ने बताया कि हज यात्रा 2024 पर जिले के 162 हाजियों का चयन हुआ है।

जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में शनिवार को जिले के 162 हज जायरीनों का टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण मुस्लिम मुसाफिर खाना, बाड़मेर, गैमाना गाजी दरगाह बालोतरा व मदरसा गागरिया में चिकित्सकों की टीम की ओर से किया जाएगा।

इस अवसर पर हाजियों को सुलभ सुविधा व मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिला हज कमेटी के सरंक्षक हाजी लाल मोहम्मद सिद्दीकी, हज ट्रेनर बच्चू खान सहित मुस्लिम इंतेजामिया कमेटी, थार मुस्लिम एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बाड़मेर का सहयोग रहेगा।

## कुख्यात तस्कर भुट्टाराम जोधपुर में गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। भीलवाड़ा में वर्ष 2021 में दो कॉन्स्टेबल की हत्या में फरार चले रहे राजू फौजी के साथी कुख्यात तस्कर कुख्यात तस्कर भुट्टाराम उर्फ भूपेंद्र विश्नोई को जोधपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भुट्टाराम को पुलिस पिछले तीन साल से तलाश कर रही थी। राजस्थान के अलग-अलग जिलों में करीब 75 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। भुट्टाराम की सबसे ज्यादा तलाश भीलवाड़ा में दो कांस्टेबल हत्याकांड मामले में थी। एनडीपीएस व जानलेवा हमले के कई मामले दर्ज है।

बोरानाथ एसीपी नरेंद्रसिंह देवड़ा ने बताया कि जोलियासी के आथुणी ढाणी निवासी भुट्टाराम उर्फ भूपेंद्र विश्नोई को पुलिस ने धवा से गिरफ्तार कर लिया है। वह अपने परिवार के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। जिसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद में उसे रास्ते में घेरकर पकड़ लिया। भुट्टाराम के खिलाफ जोधपुर के झंवर में 3, कुड़ी भगतासनी में 1, बालेसर में एक, भीलवाड़ा में एक व राजसमंद में एक मामला दर्ज है। इसमें से झंवर, भीलवाड़ा व बालेसर पुलिस ने भुट्टाराम पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को भुट्टाराम धवा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में आया था। उसके पास बिना नम्बर की एक कार होना बताया गया था। इस पर झंवर, विवेक विहार, बोरानाडा व बासनी थाना पुलिस ने धवा गांव से आने वाले सभी रास्तों को घेर लिया और भुट्टाराम को पकड़ लिया। पुलिस का भुट्टाराम के पास हथियार होने का भी संदेह था। पुलिस भी पूरी तैयारी के साथ उसे पकड़ने पहुंची थी।

# जोधपुर सीट पर पुरूषों का 66.03 व महिलाओं का 62.33 प्रतिशत मतदान

**जोधपुर**, ( कांस)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के जोधपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान 64.27 प्रतिशत रहा है। इसमें पुरूषों का प्रतिशत 66.03 ,महिलाओं का 62.33 तथा ट्रांसजेण्डर का 65.96 प्रतिशत रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) गौरव अग्रवाल ने बताया कि जोधपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 13 लाख 70 हजार 616 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है । इसके तहत 7 लाख 36 हजार 701 पुरूष मतदाता, 6 लाख 33 हजार 884 महिला मतदाता तथा 31 ट्रांसजेण्डर मतदाताओं ने अपने वोट का उपयोग किया है।

## संसदीय क्षेत्र में विधानसभा वार मतदान प्रतिशत

जोधपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 64.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके तहत फलौदी विधानसभा क्षेत्र में 61.29 प्रतिशत, लोहावट में 62.86 प्रतिशत, शेरगढ़ में 60.11 प्रतिशत, सरदारपुरा में 64.51 प्रतिशत, जोधपुर शहर में 64.43 प्रतिशत, सूरसागर में 68.34 प्रतिशत, लूणी में 63.84 प्रतिशत और पोकरण विधानसभा क्षेत्र में 69.37 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है

फलौदी विधानसभा क्षेत्र के तहत 88 हजार 439 पुरूष व 70 हजार 784 महिला मतदाताओं ने अपने वोट दिए है। इसी तरह लोहावट में 93 हजार 617 पुरूष व 76 हजार 661 महिला, शेरगढ़ में 88 हजार 495 पुरूष व 78 हजार 474 महिला, सरदारपुरा में 88 हजार 496 पुरूष व 79 हजार 154 महिला, जोधपुर शहर में 68 हजार 713 पुरूष एवं 60 हजार 872 महिला, सूरसागर में 1 लाख 7 हजार 39 पुरूष व 94 हजार 860 महिला तथा लूणी विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 लाख 17 हजार 954 पुरूष व 1 लाख 745 महिला मतदाताओं ने अपने वोट दिए है। इसी तरह जोधपुर संसदीय क्षेत्र के पोकरण विधानसभा क्षेत्र के लिए 83 हजार 948 पुरूष एवं 72 हजार 334 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## 31 ट्रांसजेण्डर ने भी मतदान किया

जोधपुर संसदीय क्षेत्र में 47 ट्रांसजेण्डर में से 31 ट्रांसजेण्डर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें फलोदी विधानसभा में 3, लोहावट में 1, सरदारपुरा में 18, जोधपुर में 8, लूणी में 1 ट्रांसजेंण्डर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस तरह कुल 13 लाख 70 हजार 616 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

## सर्वाधिक व सबसे कम प्रतिशत

जोधपुर संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत पोकरण विधानसभा क्षेत्र में 69.37 प्रतिशत रहा व सबसे कम शेरगढ विधानसभा क्षेत्र में 60.11 प्रतिशत रहा।

जोधपुर संसदीय क्षेत्र के लूणी विधानसभा क्षेत्र में - 1 लाख 17 हजार 954 पुरूषों ने सर्वाधिक मतदाताओं के रूप में अपने मताधिकार का उपयोग व जोधपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए 68 हजार 713 सबसे कम पुरूष मतदाताओं ने अपने वोट का उपयोग किया।

सर्वाधिक महिला मतदाताओं ने- लूणी विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 लाख 745 एवं सबसे कम जोधपुर शहर के लिए 60 हजार 872 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

## विधानसभावार सर्वाधिक व सबसे कम मतदान बूथ

फलौदी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरपुरा में 87.99 व सबसे कम राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय (बांया भाग) में 41.32 हुआ।

लोहावट में - राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय इन्दोलाई नाडी चैनपुरा में 86.68 व सबसे कम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (बांया भाग) हंसादेश में 40.83,

शेरगढ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाडे की बेरी 80.02 व सबसे कम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चकडेर में 45.97, सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (कमरा नम्बर 4)बालसमंद मण्डोर में 92.64 हुआ।

सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्राथमिक भवन) डिगाड़ी कलां जोधपुर में 42.42 प्रतिशत,

जोधपुर शहर विधानसभा में सर्वाधिक मतदान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरा नम्बर 1 मालियों की बगेची नया तालाब 82.45 व सबसे कम ज्ञानोदय इंग्लिस मीडियम स्कूल कमरा नम्बर 12 डी एस कॉलोनी में 41.42 मतदान। सूरसागर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान उप कार्यालय नगर निगम (बांया भाग) प्रताप नगर क्षेत्र पर 83.40 व सबसे कम डर्बी शिक्षा निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय (बांया भाग) डर्बी कॉलोनी 41.56 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार लूणी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (कमरा नम्बर 1) उचियारड़ा में 91.06 हुआ।

सबसे कम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (दाया भाग) गांधी स्ट्रीट सेक्टर 7 कुड़ी भगतासनी में 43.89 व

पोकरण विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान राजकीय प्राथमिक विद्यालय कानेरा कमरा नम्बर 2 में 96.74 व सबसे कम मतदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाचना उत्तरी भाग पोलिंग बूथ पर 48.86 प्रतिशत मतदान हुआ।

# सभी कार्यालयों में ई-फाइलिंग व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो : सुबीर कुमार

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। बाड़मेर जिले के प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने रविवार को बाड़मेर दौरे के दौरान विभिन्न निरीक्षण किए और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होनें कहा कि सभी कार्यालय समय से खुलें और साथ ही सभी कार्मिक समय पर उपस्थित रहें ताकि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकें। सरकारी कार्यों को गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण हेतु राज्य सरकार द्वारा ई-फाइलिंग व्यवस्था लागू की गई है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर निशांत जैन ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन कर जिले के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

## औषधीय पौधों को मिले प्राथमिकता

ज़िला प्रभारी सचिव ने कहा कि जिले में वन क्षेत्र बढ़ाने हेतु ठोस प्रयास किये जायें। सरकारी स्वामित्व वाली भूमि, राजमार्गों, खाली भूमि आदि पर सघन पौधारोपण शुरू किया जाए। इनमें सहजन जैसे औषधीय गुणों वाले पौधों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उन्होंनें कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु नगर परिषद मुख्य स्थानों पर क्षेत्र की सुंदर वास्तुकला को दर्शाने वाली सरंचनाए निर्मित करे।

साथ ही शहर में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए की साफ-सफाई हेतु कभी भी कार्मिकों को सीवरेज में ना उतारा जाए। यह कार्य मशीन द्वारा ही सम्पन्न किया जाए।

ज़िला प्रभारी सचिव ने कहा कि आमजन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए चिकित्सकों की पर्याप्त नियुक्ति होनी चाहिए। अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण किया जाना चाहिए। इनमें स्टाफ के साथ दवाइयां-जांचों एवं उपकरणों की उपलब्धता की प्रभावी मॉनिटरिंग होनी चाहिए। साथ ही ज़िले में आयुष हेल्थ एंड वेलफेयर सेन्टर भी उपयुक्त संख्या में खोले जाने चाहिए। इनके माध्यम से आयुर्वेदिक जीवन पद्धित का प्रचार प्रसार होना चाहिए। आमजन को किचन गार्डन एवं औषधीय पौधों की रोपण हेतु भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## पानी व बिजली की सुचारू आपूर्ति हो

कुमार ने कहा कि ज़िले में आमजन को पानी और बिजली की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिले में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए जल संबंधी प्रोजेक्टों का प्रभावी क्रियान्वन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आगामी गर्मियों के महीनों को देखते हुए आवश्यक तैयारियां पहले ही पूर्ण कर ली जाए। जल संग्रहण एवं उसके वितरण हेतु विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था समय रहते पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें रोजमर्रा के कार्यों में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## विद्यालयों में हो आई.सी.टी. लैब

ज़िला प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रत्येक सरकारी स्कूल में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास रूम आवश्यक रुप से होने चाहिए। यह विद्यार्थिओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि छात्र सीखने में अधिक रुचि लें और उनकी सीखने की क्षमता में निखार आए। विद्यालय में विद्यार्थियों को मिल रहे भोजन की गुणवत्ता का निरंतर रूप से निरीक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले भोजन तथा मेन्यू की जानकारी और साथ ही अनीमिया मुक्ति हेतु पिंक और ब्लू टैबलेट की जानकारी नियमित रूप से शाला दर्पण पोर्टल पर साझा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां समय से पहुंचनी चाहिए। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावास में आवासरत विद्यार्थियों को समुचित सुविधाएं मिलना सुनिश्चित करें।

जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना और साथ ही आम जन से मृदु व्यवहार करना आवश्यक है। पुलिस प्रशासन आमजन के साथ संवेदनशील रहे तथा सम्मानजनक व्यवहार करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता की पालना भी सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, अतिरिक्त ज़िला कलक्टर राजेंद्र चांदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस सहित पुलिस, शिक्षा, जलदाय, विद्युत, कृषि, स्वास्थ्य, रोडवेज, सहकारिता, नगर परिषद्, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।